30 मार्च 2026
सोमवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण



एलपीजी पर जिला प्रशासन की सख्ती कालाबाजारी पर नजर, आपूर्ति पूरी तरह सामान्य 2



## एक नजर

### पूर्वोत्तर में भारी बारिश हिमाचल से ओडिशा तक चलेंगी तेज हवाएं

**नई दिल्ली।** देशभर में इस समय मौसम का मिला-जुला और अस्थिर रूप देखने को मिल रहा है। एक ओर पूर्वोत्तर भारत में भारी बारिश का दौर शुरू हो गया है, वहीं बिहार और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि का खतरा मंडरा रहा है। दूसरी ओर दक्षिण भारत के आंध्र प्रदेश के कुरनूल में तापमान 41.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है जबकि उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में न्यूनतम तापमान 15.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो मौसम के तीखे विरोधाभास को दिखाता है। दिल्ली-एनसीआर और आसपास के क्षेत्रों में बादल छाए रह सकते हैं, हल्की बारिश या गरज के साथ छींटे पड़ सकते हैं और तेज हवाएं चल सकती हैं। इससे तापमान में हल्की गिरावट और मौसम में कुछ राहत महसूस हो सकती है।

### मैं आस्था में विश्वास करता हूं लेकिन अंधविश्वासी नहीं : मुख्यमंत्री योगी

**लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मेरे कपड़े को देखकर लोग मुझे अंधविश्वासी मानते होंगे। मैं आस्था में विश्वास करता हूं। सबकी आस्था का सम्मान भी करता हूं। अंधविश्वास को कतई नहीं मानता। मुझे बोला गया था कि नोएडा नहीं जाना है। मैंने कहा कि नोएडा क्या यूपी से बाहर है। बताया गया कि यह मान्यता है कि वहां जाएंगे तो सीएम कुर्सी से उतर जाएंगे। मैंने कहा कि वहां जरूर जाऊंगा। मुख्यमंत्री रहते हुए जो नोएडा नहीं गए, अपनी विभाजनकारी राजनीति के लिए आज वहां पहुंच गए। सीएम ने ये बातें रविवार को लोकभवन में डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में चयनित 665 नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में कहीं। सीएम ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए हर स्टेज पर शासन द्वारा निगरानी की जाती है। हमारी तीसरी आंख भर्ती प्रक्रिया में सेंध लगाने वालों पर नजर रखती है। ऐसे लोगों को हम कैसा इलाज करते है, यह किसी से छिपा नहीं है।

# ईरान युद्ध से घट सकता है रेमिटेंस, रुपए पर भी बढ़ सकता है दबाव

- पश्चिम एशिया संघर्ष से भारत का रेमिटेंस घट सकता है
- कच्चे तेल की कीमतें रुपये को कमजोर कर सकती हैं



**एजेंसी। नई दिल्ली**

पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के चलते भारत को रेमिटेंस, रुपये में कमजोरी और राजस्व का नुकसान उठाना पड़ सकता है। एसबीआइ फंड्स मैनेजमेंट की एक रिपोर्ट '2026 पश्चिम एशिया संघर्ष और इसके प्रभाव' में बताया गया है कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से भारत का राजकोषीय संतुलन कई तरह से दबावों में आ सकता है। एक मुख्य जोखिम खाड़ी क्षेत्र से आने वाले रेमिटेंस में कमी आना है, जो विदेशों में रहने वाले भारतीयों द्वारा घर भेजे जाने वाले फंड का एक बड़ा हिस्सा होता है। रिपोर्ट के अनुसार, कुल आने वाले रेमिटेंस का लगभग 38% हिस्सा पश्चिम एशिया से आता है। इसमें से भी आधा हिस्सा अकेले संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से आता है। रिपोर्ट में यह भी चेतावनी दी गई है कि यदि कच्चे तेल की कीमतें ऊंची बनी रहती हैं, तो चालू खाता घाटा (कैड) और बढ़ सकता है। रिपोर्ट में बताया गया है कि कच्चे तेल की कीमत में प्रति बैरल 10 डॉलर की बढ़ोतरी से सालाना चालू खाता घाटा 15 अरब डॉलर तक बढ़ जाता है। रिपोर्ट में इस बात की भी आशंका जताई गई है कि अगर कच्चे तेल की कीमत लंबे समय तक 100 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बनी रहती हैं तो चालू खाता घाटा तेजी से बढ़ सकता है।

### विदेशी निवेश का प्रवाह अस्थिर

2026 में चार से पांच प्रतिशत तक गिर सकता है रुपया बाहरी क्षेत्र पर पड़ने वाला यह दबाव मुद्रा बाजार पर भी असर डाल सकता है और अगर विदेशी निवेश का प्रवाह अस्थिर बना रहता है तो रुपया और कमजोर हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है, यदि एफआइआइ (विदेशी संस्थागत निवेशक) का प्रवाह फिर से नहीं बढ़ता है तो रुपया वैश्विक झटकों के प्रति संवेदनशील बना रहेगा। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि 2026 में रुपये के मूल्य में 4-5 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। पहले यह अनुमान 2-3 प्रतिशत था। फिलहाल डॉलर के मुकाबले रुपया 94.85 पर कारोबार कर रहा है और अगले दो तिमाहियों में इसके 96 के पार पहुंचने की उम्मीद है।

### सब्सिडी बिल बजट बढ़ सकता है

रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार उर्वरक सब्सिडी बिल बजट में निर्धारित राशि से काफी अधिक बढ़ सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'गैस की बढ़ती कीमतें और फर्टिलाइजर की महंगाई सब्सिडी की जरूरत को 30 हजार करोड़ रुपये या उससे ज्यादा बढ़ा सकती हैं।' रिपोर्ट में कहा गया है, "भारत के चालू खाते की स्थिति में ढांचागत सुधार और वित्त वर्ष 2015 से चालू खाता घाटा के जीडीपी के दो प्रतिशत से नीचे रहने के बावजूद भारत के भुगतान संतुलन की स्थिति काफी कमजोर हुई है और इसकी वजह एफडीआइ का प्रवाह लगभग शून्य होना है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इसकी वजह से भारत के बुनियादी संतुलन में गिरावट आई है।

## पीएम मोदी ने मन की बात में वैश्विक युद्ध पर चिंता जताई

# पूरी दुनिया में गहरा रहा पेट्रोल-डीजल का संकट: मोदी



- खाड़ी देशों में भारतीयों की मदद के लिए आभार व्यक्त किया
- अफवाहों से बचने, केवल आधिकारिक जानकारी पर भरोसा करने की अपील

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 132वें एपिसोड को संबोधित किया। पीएम मोदी ने अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की और कहा कि देश मिलकर इन चुनौतियों से बाहर निकलकर आएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि मार्च का यह महीना वैश्विक स्तर पर बेहद घटनापूर्ण रहा है। हम सभी को याद है कि कोविड के कारण दुनिया को लंबे समय तक कई समस्याओं का सामना करना पड़ा था। हमें उम्मीद थी कि इस संकट से उबरने के बाद दुनिया एक नई शुरूआत के साथ प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेगी। हालांकि, अलग-अलग क्षेत्रों में युद्ध और संघर्ष की स्थितियां लगातार सामने आती रही हैं।''मन की बात' के 132वें एपिसोड में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "फिलहाल, हमारे पड़ोस में पिछले एक महीने से एक भीषण युद्ध चल रहा है। लाखों भारतीय परिवारों के रिश्तेदार इन देशों में, खासकर खाड़ी देशों में रहते और काम करते हैं।

### भारत कर रहा डटकर सामना

पीएम मोदी ने वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर इस संघर्ष के असर पर भी जोर देते हुए कहा कि यह क्षेत्र भारत की ईंधन जरूरतों को पूरा करने में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा, "जिस क्षेत्र में युद्ध चल रहा है, वह हमारी ऊर्जा जरूरतों का एक बड़ा केंद्र है, जिसकी वजह से दुनिया भर में पेट्रोल और डीजल का संकट पैदा हो रहा है। भारत अपने वैश्विक संबंधों, अलग-अलग देशों से मिली मदद और पिछले एक दशक में अपनी बनाई क्षमताओं की बदौलत इन चुनौतियों का डटकर सामना कर रहा है।

### गलत जानकारी पहुंचा सकती है नुकसान

सामूहिक जिम्मेदारी का आह्वान करते हुए प्रधानमंत्री ने नागरिकों से एकजुट रहने और इस मुद्दे का राजनीतिकरण न करने का आग्रह किया। उन्होंने अफवाहें फैलने के प्रति आगाह करते हुए कहा कि गलत जानकारी से राष्ट्रीय हितों को नुकसान पहुंच सकता है और लोगों से अपील की कि वे केवल सरकार की आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें। प्रधानमंत्री ने आगे कहा, "यह निस्संदेह एक चुनौतीपूर्ण समय है। 'मन की बात' के माध्यम से मैं एक बार फिर नागरिकों से आग्रह करता हूं कि वे एकजुट रहें और इस चुनौती का सामना करें। जो लोग इस मुद्दे पर राजनीति कर रहे हैं, उन्हें इससे बचना चाहिए, क्योंकि यह 140 करोड़ नागरिकों के हितों से जुड़ा मामला है। इसमें स्वार्थ-साधन वाली राजनीति के लिए कोई जगह नहीं है। जो लोग अफवाहें फैला रहे हैं, वे देश को बहुत नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसलिए मैं सभी से अपील करता हूं कि वे सतर्क रहें और गलत जानकारियों से गुमराह न हों।

## बिहार बोर्ड 10वीं 2026 का परिणाम घोषित

# टॉप 10 छात्रों की हुई बल्ले-बल्ले

- लाखों रुपये और लैपटॉप का तोहफा



**एजेंसी। पटना**

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने मैट्रिक परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्रों के लिए बड़ी घोषणा की है। इस बार टॉप 10 रैंक तक आने वाले कुल 139 छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। पिछले साल के मुकाबले इस बार इनाम की राशि दोगुनी कर दी गई है। बोर्ड के मुताबिक, पहले स्थान पर आने वाले छात्र को अब 2 लाख रुपये दिए जाएंगे। दूसरे स्थान वाले को 1.5 लाख रुपये और तीसरे स्थान पर रहने वाले को 1 लाख रुपये का पुरस्कार मिलेगा। चैथे से लेकर दसवें स्थान तक आने वाले सभी छात्रों को 20-20 हजार रुपये दिए जाएंगे। सिर्फ पैसे ही नहीं, बल्कि इन मेधावी छात्रों को एक-एक लैपटॉप, प्रशस्ति पत्र और मेडल भी दिया जाएगा। इसके अलावा देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेधा छात्रवृत्ति में भी इस बार बढ़ोतरी की गई है। इस योजना के तहत टॉप 10 छात्रों को हर महीने 2000 रुपये की छात्रवृत्ति दी जाएगी। यह छात्रवृत्ति 11वीं और 12वीं की पढ़ाई के दौरान लगातार दो साल तक मिलेगी। बशर्ते छात्र किसी मान्यता प्राप्त संस्थान में पढ़ाई कर रहे हों। अगर कोई छात्र तकनीकी डिप्लोमा कोर्स करता है, तो उसे कोर्स पूरा होने तक हर महीने यह राशि मिलती रहेगी। इस मौके पर आनंद किशोर और सुनील कुमार ने परीक्षा परिणाम जारी करते हुए छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# शून्य सीट वाली पार्टी को गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं : थरूर

**एजेंसी। कोलकाता**

केरल में चुनावी बिगुल बजते ही राजनीतिक दलों के बीच जुबानी जंग बेहद तेज हो गई है। दिग्गज कांग्रेस नेता शशि थरूर ने भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोला है। थरूर ने मतदाताओं से बेहद सधे हुए अंदाज में एक खास अपील की। शशि थरूर ने कहा कि जिस पार्टी के पास विधानसभा में एक भी सीट नहीं है, उसे चुनाव में एक गंभीर फैक्टर के रूप में नहीं देखा जा सकता। उन्होंने कहा कि जब वे शून्य सीट वाली पार्टी हैं, तो आप उन्हें एक मजबूत विकल्प या फैक्टर के तौर पर गंभीरता से नहीं ले सकते। वे दावा कर रहे हैं कि वे अपना खाता खोलेंगे, भले ही वे अधिकतम एक, दो या तीन सीटें जीत लें। लेकिन इतने भर से केरल के भविष्य में कोई बड़ा बदलाव आने वाला नहीं है। 'वोट कटवा' की रणनीति पर प्रहार करते हुए शशि थरूर ने कहा कि जो लोग चाहते हैं कि राज्य से एलडीएफ की सरकार जाए, उन्हें अपने बेशकीमती वोट भाजपा पर बर्बाद नहीं करने चाहिए। इसकी सीधी सी वजह यह है कि भाजपा के पास कभी भी इतनी ताकत नहीं हो सकती कि वह सत्ता में आकर कोई बड़ा बदलाव ला सके। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि सभी मतदाता एकजुट होकर कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के पक्ष में मतदान करें, जिससे राज्य में एक मजबूत और स्थिर सरकार बनाई जा सके। उन्होंने कहा कि केरल को अब एक नई दिशा, नई सोच और बदलाव की सख्त जरूरत है।






# मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना से शुरू हुआ सफाखान रोड का निर्माण कार्य

- 86 करोड़ 13 लाख रुपएं से स्टेशन रोड मोड़ से नहर पुल तक बनेंगी सड़क और नाली



**केटी न्यूज/डुमरांव**

नगर विकास एवं आवास विभाग के तहत बिहार शहरी अधारभूत संरचना विकास नगर लि. बुडको के अंतर्गत मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना अंतर्गत सफाखाना रोड में स्टेशन रोड मोड़ से नहर पुल तक नाली और सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इस रोड और नाला निर्माण की एकरारनामा राशि 86 करोड़ 13 लाख रूपया है, जिसका प्राक्कलन का बोर्ड लगा दिया गया है। काम शुरू होने से उस रोड में रहने वालों सहित पूर नगरवासियों में खुशी की लहर है। इस रोड को बनाने की मांग वर्षों से हो रही थी। इसके लिये कईबार धरना-प्रदर्शन भी हो चुके हैं। छह माह के भीतर रोड को बनाकर नगरवासियों को सुपुर्द कर देना है। इस संवेदक अशोक कुमार से बात की गई तो उसने बताया की तय सीमा के भीतर रोड और नाला का निर्माण कर दिया जाएगा। मालूम हो कि सफाखाना रोड का जुड़ाव शहर ही नहीं डुमरांव प्रखंड के अलावे राजपुर और बक्सर से भी जड़ा हुआ है। इस रोड में नाली नहीं होने के कारण घरो का पानी रोड पर बहता है, जिससे जलजमाव की समस्या सालोंभर रहती है। इतना ही नहीं यह रोड इतना जर्जर और गड्ढों से भरा हुआ है कि वाहन तो क्या पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। बरसात के दिनों में इसकी स्थिति और भी खराब हो जाती है। जलजमाव इतना हो जाता है कि लोगों के घरों में पानी प्रवेश कर जाता है। इस रोड के दुकानदारों की बिक्री प्रभावित हो जाती है, क्योंकि लोगों की आवाजाही कम हो जाती है। विदित हो कि इस रोड में शिक्षण संस्थानों की भरमार है, जहां सुबह से लेकर शाम तक छात्र-छात्रओं का आना-जाना लगा रहता है। बारिश के दिनों में जलजमाव हो जाने से शिक्षण संस्थान भी प्रभावित हो जाते हैं। नाली का निर्माण शुरू होने से ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहर के लोग काफी खुश हैं। लोगों का कहना है कि बरसात आने से पहले रोड और नाले का निर्माण हो जाता तो शहर और ग्रामीण क्षेत्र के लोग जलजमाव की समस्या से बच जाते। मालूम हो कि इस रोड के सहारे नहर रोड पर जाकर लोग मुख्य सड़क स्टेशन रोड में लगने वाले जाम की समस्या से बच जाते हैं।

## एक नजर

### नर सेवा ही नारायण सेवा का जीवंत उदाहरण भोजन बैंक ने 51वें सप्ताह भी बांटा स्नेह और सम्मान



**बक्सर।** रविवार को भागीरथी सहयोग सेवा संस्थान के तहत संचालित भोजन बैंक, बक्सर ने अपने सेवा कार्य के 51वें सप्ताह में भी जरूरतमंदों के बीच प्रसाद स्वरूप निःशुल्क भोजन वितरित कर मानवता की मिसाल पेश की। इस पुनीत कार्य का संचालन राजू कुशवाहा (बीडीसी प्रतिनिधि, कमरपुर), शिक्षक लक्ष्मी नारायण एवं गुप्तेश्वर पटेल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सामाजिक कार्यकताओं और शिक्षकों ने संस्थान के इस निरंतर प्रयास की सराहना की। अजित श्रीवास्तव, ललन राम तथा शिक्षक अजित (बाला) जी ने कहा कि जिस समर्पण और निरंतरता के साथ यह अभियान चलाया जा रहा है, वह काबिले-तारीफ है। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि इस तरह के सामाजिक कार्यों में तन, मन और धन से सहयोग करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि ह्लनर सेवा ही नारायण सेवा हैह्व, और जरूरतमंदों को भोजन कराना सबसे बड़ा पुण्य कार्य माना जाता है। संस्थान को इस सेवा कार्य को सफल बनाने में कई सहयोगियों का आर्थिक समर्थन भी मिला। इनमें शिवानंद उपाध्याय, मुन्ना सिंह, नेहा, अजित श्रीवास्तव और विक्की उपाध्याय शामिल हैं। संस्थान की टीम ने सभी सहयोगकताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अजित वर्मा (चुरामनपुर), चंदू सिंह, रौशन पांडेय, शिवम राय सहित कई स्थानीय लोग, अभिभावक और मित्रगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर संस्थान के अध्यक्ष दीनानाथ जी और अधिवक्ता राजेश कुमार यादव ने सभी सहयोगियों एवं उपस्थित जनों को धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाते हैं। इसके साथ ही, भुआली वर्मा, मोहम्मद आलम और मोहम्मद साबीर उर्फ रिंकू द्वारा गौ ग्रास के माध्यम से गौ सेवा भी की गई, जो इस कार्यक्रम की एक विशेष पहल रही। संस्थान के सचिव राजीव कुमार एवं मार्गदर्शन टीम के विश्वास वर्मा ने जानकारी दी कि आगामी रविवार, 05 अप्रैल को सुबह 9 बजे बक्सर रेलवे स्टेशन परिसर में पुनः यह सेवा कार्य आयोजित किया जाएगा। उन्होंने आम जनमानस से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस पुनीत कार्य में भाग लें और जरूरतमंदों को भोजन कराकर पुण्य के भागी बने।

# एलपीजी पर जिला प्रशासन की सख्ती, कालाबाजारी पर नजर, आपूर्ति रहेगी पूरी तरह सामान्य

- एक दिन में 3904 सिलेंडर वितरण, एजेंसियों के पास 2723 का स्टॉक, घबराकर अतिरिक्त बुकिंग न करने की अपील



**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने और कालाबाजारी व जमाखोरी पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, थानाध्यक्ष सहित संबंधित अधिकारी और कर्मी लगातार गैस एजेंसियों के उठाव और वितरण की निगरानी कर रहे हैं। प्रशासन के मुताबिक जिले में इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम की कुल 27 गैस एजेंसियों पर पर्याप्त मात्रा में सिलेंडर उपलब्ध हैं, जिससे फिलहाल किसी भी तरह की आपूर्ति बाधित होने की आशंका नहीं है। प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 28 मार्च को जिले में कुल 3904 उपभोक्ताओं के बीच गैस सिलेंडर का वितरण किया गया। वहीं उसी दिन गैस एजेंसियों के पास करीब 2723 सिलेंडरों का स्टॉक मौजूद रहा। वर्तमान स्टॉक और बॉटलिंग प्लांट से मिल रही नियमित आपूर्ति के आधार पर जिले में घरेलू गैस की उपलब्धता संतोषजनक बताई जा रही है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में तत्काल किसी प्रकार के गैस संकट की संभावना नहीं है। अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे घबराकर अतिरिक्त सिलेंडर लेने की कोशिश न करें, क्योंकि इससे कृत्रिम संकट की स्थिति बन सकती है। सभी गैस एजेंसियों को निर्देश दिया गया है कि वे निर्धारित समय पर होम डिलीवरी के माध्यम से उपभोक्ताओं तक गैस पहुंचाएं, ताकि गोदामों पर भीड़ न लगे। ऑनलाइन बुकिंग को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कंपनियों ने सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। इंडेन गैस के लिए व्हाट्सएप नंबर 7588888824, मिस्ड कॉल 8454955555 और आईवीआरएस 7718955555 पर बुकिंग की जा सकती है। एचपी गैस के लिए व्हाट्सएप 9222201122, मिस्ड कॉल 9493602222 और आईवीआरएस 8888823456 उपलब्ध है। वहीं भारत गैस के उपभोक्ता व्हाट्सएप 1800224344, मिस्ड कॉल 7710955555 और आईवीआरएस 7715012345 के माध्यम से बुकिंग कर सकते हैं।

गैस वितरण व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने के लिए प्रशासन ने स्पष्ट गाइडलाइन भी जारी की है। इसके तहत शहरी क्षेत्रों के घरेलू उपभोक्ता अंतिम डिलीवरी के 25 दिनों बाद ही नया सिलेंडर बुक कर सकते हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह अवधि 45 दिन निर्धारित की गई है। इस व्यवस्था का उद्देश्य अनावश्यक बुकिंग पर रोक लगाना और सभी उपभोक्ताओं को समान रूप से गैस उपलब्ध कराना है। शिकायतों के त्वरित निपटारे के लिए जिला नियंत्रण कक्ष सातों दिन व 24 घंटे सक्रिय है। उपभोक्ता अपनी समस्या 06183-223333 नंबर पर दर्ज करा सकते हैं। 28 मार्च तक नियंत्रण कक्ष में कुल 463 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 403 का त्वरित निष्पादन कर दिया गया है, जबकि शेष पर कार्रवाई जारी है।

इधर, जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारियों, अनुमंडल पदाधिकारी, सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों द्वारा गैस एजेंसियों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की लगातार भौतिक जांच की जा रही है। जिन प्रतिष्ठानों पर गैस सिलेंडर की कालाबाजारी या जमाखोरी की शिकायत मिल रही है, उन्हें चिन्हित कर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

प्रशासन ने साफ संदेश दिया है कि गैस आपूर्ति व्यवस्था को बाधित करने वाले किसी भी व्यक्ति या संस्था को बख्शा नहीं जाएगा। साथ ही आम उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा गया है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ही गैस बुकिंग करें।

# ग्रामीण बेटी लक्ष्मी कुमारी ने रचा इतिहास बिहार टॉप-10 में बनाई अपनी जगह

- 483 अंक और 96.6% के साथ हासिल किया 8वां स्थान, क्षेत्र में खुशी की लहर



**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**

साधारण परिवेश से निकलकर असाधारण सफलता हासिल करने वाली गणपति चकनी प्लस टू विद्यालय की छात्रा लक्ष्मी कुमारी ने बिहार मैट्रिक परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे राज्य में टॉप-10 में जगह बना ली है। लक्ष्मी ने 483 अंक (96.6 प्रतिशत) प्राप्त कर 8वां स्थान हासिल किया है, जिससे विद्यालय ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र में गर्व और खुशी का माहौल है।

लक्ष्मी कुमारी एक शिक्षित परिवार से आती हैं। उनके पिता हठीलपुर प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता सुमन कुमारी गृहिणी हैं। परिवार में शिक्षा और अनुशासन का माहौल ही उनकी सफलता की मजबूत नींव बना।

इस उपलब्धि की खबर मिलते ही विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुधीर कुमार सिंह सहित सभी शिक्षक और छात्र-छात्राएं लक्ष्मी की इस सफलता से उत्साहित नजर आए। शिक्षकों ने बताया कि लक्ष्मी शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर, अनुशासित और मेहनती रही हैं। उन्होंने इस उपलब्धि को उसकी निरंतर मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण का परिणाम बताया।

प्रधानाध्यापक ने कहा कि लक्ष्मी की यह सफलता विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि पिछले वर्ष 2025 में भी इसी विद्यालय के छात्र विशाल साह ने राज्य में 9वां स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया था, जो इस संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता को दशार्ता है।

लक्ष्मी कुमारी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और नियमित अध्ययन को दिया। उन्होंने कहा कि अगर लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदारी से की जाए तो कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और गणमान्य व्यक्तियों ने भी लक्ष्मी को बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। लक्ष्मी की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि प्रतिभा किसी संसाधन की मोहताज नहीं होती, बल्कि सही दिशा और मेहनत से हर सपना साकार किया जा सकता है।




# भाजपा का पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान आयोजित



**केटी न्यूज/डुमरांव**

रविवार को भारतीय जनता पार्टी के कोरान सराय मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र पांडेय ने की। वहीं मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के जिला महामंत्री धनंजय त्रिगुण उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष निर्भय राय, शिवनारायण जी, विध्याचल राय, सुखदेव राय, जिला मंत्री अरविंद्र पासवान, सुनील सिंह, भाजपा नेता संतोष दुबे, सुमित शमी, गणेश वर्मा, रामनारायण शर्मा, अतुल दुबे, उमेश्वर तिवारी, नंन्दलाल पासवान, गर्जन पासवान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने, सामाजिक कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को आम नागरिकों तक पहुंचाने पर विस्तृत चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने बूथ प्रबंधन, संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ करने तथा वैचारिक अधिष्ठान पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कार्यकताओं को सात सामाजिक विषयों पर सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं ने कहा कि प्रशिक्षण महाअभियान के माध्यम से कार्यकताओं को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी, जिससे आगामी चुनावों में पार्टी को मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।






### छह बेटियों ने बढ़ाया मान, राजपुर की अनुपा बनीं जिला टॉपर; पांच स्थानों पर कब्जा जमाकर जिले ने मनवाया लोहा

# बिहार बोर्ड 10वीं 2026 का परिणाम घोषित

# बक्सर का दबदबा, टॉप-10 में चमके सात सितारे



**केटी न्यूज/बक्सर**

बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा परिणाम ने इस बार बक्सर को जश्न का बड़ा मौका दिया है। रविवार को घोषित नतीजों में जिले के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे राज्य में अपनी प्रतिभा का डंका बजा दिया। खास बात यह रही कि टॉप-10 में बक्सर के कुल सात परीक्षार्थियों ने जगह बनाई, जिनमें छह छात्राएं और एक छात्र शामिल हैं। इन सातों ने टॉप-10 के पांच अलग-अलग स्थानों पर कब्जा जमाकर जिले का गौरव कई गुना बढ़ा दिया।

इस उपलब्धि की अगुवाई राजपुर प्रखंड की मेधावी छात्रा अनुपा ने की, जिन्होंने 97.8 प्रतिशत अंक हासिल कर पूरे बिहार में तीसरा स्थान प्राप्त किया और जिला टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। अनुपा की इस सफलता से न सिर्फ उनके परिवार, बल्कि पूरे जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है।

टॉपर्स की सूची में राजपुर की ही ईशा ने सातवां स्थान हासिल कर क्षेत्र का मान बढ़ाया। वहीं, नावानगर की मुस्कान और ब्रह्मपुर की लक्ष्मी कुमारी ने संयुक्त रूप से आठवां स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। चौसा की सिमरन ने नौवां स्थान हासिल किया, जबकि डुमरांव के पुराना भोजपुर की पूजा कुमारी और बक्सर के महदह के अर्जुन ने संयुक्त रूप से दसवां स्थान प्राप्त कर जिले को एक और उपलब्धि दिलाई।

इस बार की खास बात यह रही कि बेटियों ने सफलता की नई कहानी लिखते हुए लड़कों से एक कदम आगे नजर आईं। सात में से छह स्थान बेटियों के नाम रहे, जो जिले के लिए गर्व का विषय है। ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले इन प्रतिभाशाली छात्रों ने यह साबित कर दिया कि मेहनत और लगन के आगे संसाधनों की कमी भी बाधा नहीं बन सकती।

टॉप-10 के अलावा भी जिले के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। परिणाम घोषित होते ही स्कूलों और कोचिंग संस्थानों में जश्न का माहौल देखने को मिला। अभिभावकों और शिक्षकों ने छात्रों की इस सफलता पर गर्व जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिला शिक्षा विभाग भी इस उपलब्धि से उत्साहित नजर आया। अधिकारियों ने इसे बेहतर शैक्षणिक माहौल और छात्रों की मेहनत का परिणाम बताते हुए आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद जताई है। कुल मिलाकर, इस बार का मैट्रिक परिणाम बक्सर के लिए ऐतिहासिक साबित हुआ है, जिसने पूरे राज्य में अपनी अलग पहचान बना ली है।

## बक्सर की बेटी ने रचा कीर्तिमान : अनूपा बनी जिले की टॉपर, बिहार में तीसरे स्थान से बढ़ाया मान



**केटी न्यूज/बक्सर**

बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा के घोषित परिणाम में बक्सर जिले की होनहार छात्रा अनूपा कुमारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया है। 488 अंक (97.8 प्रतिशत) हासिल कर अनूपा ने पूरे बिहार में तीसरा स्थान प्राप्त किया है, वहीं बक्सर जिले में पहला स्थान हासिल कर पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, स्कूल और पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। राजपुर प्रखंड के धनसोई थाना क्षेत्र स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरहना की छात्रा अनूपा एक साधारण किसान परिवार से आती हैं। उनके पिता नित्यानंद सिंह किसान हैं और माता निर्मला देवी गृहिणी हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद अनूपा ने अपनी मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण से यह मुकाम हासिल किया है। अनूपा की इस सफलता के पीछे उनके माता-पिता के साथ-साथ शिक्षकों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक गोरखनाथ मेहरा ने बताया कि अनूपा शुरू से ही पढ़ाई में गंभीर और जिज्ञासु रही हैं। वह हर विषय को गहराई से समझने की कोशिश करती थीं और नियमित रूप से मार्गदर्शन लेती थीं, जो उनकी सफलता का प्रमुख कारण बना। अपनी उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए अनूपा ने कहा कि उनका अगला लक्ष्य जेईई परीक्षा पास कर इंजीनियर बनना है। उन्होंने बताया कि उन्होंने पढ़ाई के दौरान अनुशासन का विशेष ध्यान रखा और मोबाइल का उपयोग केवल जरूरी कार्यों तक सीमित रखा। उनका मानना है कि निरंतर मेहनत और सही दिशा में प्रयास से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इस वर्ष बिहार बोर्ड के परिणाम में एक बार फिर बेटियों ने अपना परचम लहराया है। अनूपा कुमारी की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि ग्रामीण परिवेश और सीमित संसाधन भी प्रतिभा की उड़ान को रोक नहीं सकते। उनकी यह उपलब्धि न केवल बक्सर बल्कि पूरे बिहार के छात्रों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन गई है।

## प्रतिभा का परचम : पुराना भोजपुर में गन्ने का जूस बेचने वाली की बेटी पूजा बनी बिहार टॉप 10 की स्टार

### रिजल्ट आते ही झूम उठा परिवार, सिविल सर्विसेज क्रैक करना है लक्ष्य



**केटी न्यूज/डुमरांव**

कभी कच्चे रास्तों और सीमित संसाधनों के बीच पलने वाली पुराना भोजपुर की बेटी पूजा कुमारी ने यह साबित कर दिया कि सपनों की उड़ान हालातों की मोहताज नहीं होती। गन्ने का जूस बेचकर परिवार चलाने वाले पिता की इस बेटी ने बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा में पूरे राज्य में टॉप-10 में जगह बनाकर एक नई मिसाल कायम कर दी है। पूजा की कहानी सिर्फ सफलता की नहीं, बल्कि संघर्ष, धैर्य और आत्मविश्वास की है। चार भाई-बहनों में सबसे बड़ी पूजा ने उस दर्द को भी करीब से महसूस किया है, जब परिवार ने अपने छोटे बेटे को एक हादसे में खो दिया था। उस गहरे सदमे के बावजूद पूजा ने हार नहीं मानी, बल्कि पढ़ाई को अपना सहारा बनाया और आज उसी मेहनत ने उसे इस मुकाम तक पहुंचा दिया। दिलचस्प बात यह है कि पूजा ने अपनी तैयारी में किसी कोचिंग या महंगे संसाधनों का सहारा नहीं लिया। उसने सोशल मीडिया से दूरी बनाकर सेल्फ स्टडी को अपना हथियार बनाया। उसका मानना है कि एकाग्रता और अनुशासन ही असली सफलता की कुंजी हैं।

उसकी शिक्षा यात्रा भी आसान नहीं रही। पहले जिस स्कूल में वह पढ़ती थी, उसकी मान्यता रद्द हो गई, जिससे उसे बीच में ही स्कूल बदलना पड़ा, लेकिन इस बदलाव ने उसके हौसले को कमजोर नहीं किया। उसने नए माहौल में खुद को ढालते हुए अपनी पढ़ाई जारी रखी और शानदार अंक हासिल किए।

पूजा पुराना भोजपुर के जिस बिंद टोली इलाके में रहती है, वहां शिक्षा की सुविधाएं बेहद सीमित हैं और स्कूल तक पहुंचने का रास्ता भी आसान नहीं है। ऐसे माहौल से निकलकर राज्य की मेरिट लिस्ट में जगह बनाना उसकी दृढ़ इच्छाशक्ति को दर्शाता है।

अब पूजा का लक्ष्य और भी बड़ा है। वह आगे चलकर सिविल सर्विसेज की तैयारी करना चाहती है, ताकि समाज में सकारात्मक बदलाव ला सके।

आज पूजा की यह सफलता न सिर्फ उसके परिवार के लिए गर्व की बात है, बल्कि पूरे इलाके के लिए एक प्रेरणा बन गई है, यह बताने के लिए कि अगर इरादे मजबूत हों, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं।

## संकल्प और मेहनत की जीत : बक्सर की सिमरन ने रचा इतिहास, बिहार में टॉप-10 में बनाई जगह



**केटी न्यूज/बक्सर**

कड़ी मेहनत, मजबूत इरादों और परिवार के सहयोग से नगर पंचायत के वार्ड संख्या सात की रहने वाली सिमरन कुमारी ने वह कर दिखाया, जो हर छात्र का सपना होता है। मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिमरन ने पूरे बिहार में नौवां स्थान हासिल कर जिले का मान बढ़ाया है। 482 अंक यानी 96.4 प्रतिशत प्राप्त कर उसने न केवल टॉप-10 में जगह बनाई, बल्कि जिले में भी पांचवां स्थान प्राप्त किया। जैसे ही परीक्षा परिणाम घोषित हुआ, सिमरन की इस उपलब्धि की खबर पूरे इलाके में फैल गई। घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया और माहौल खुशी से भर उठा। उसकी माता साक्षी देवी और दादी तेतरी देवी की आंखों में खुशी साफ झलक रही थी। उस समय उसके पिता सोनू माली घर से बाहर थे, लेकिन बेटी की सफलता की खबर सुनते ही उन्होंने भी गर्व महसूस किया। सिमरन एक मध्यमवर्गीय परिवार से आती हैं। उनके पिता एक जनरल स्टोर में काम कर पूरे परिवार का भरण-पोषण करते हैं और बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाते हैं, जबकि उनकी माता गृहिणी हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद सिमरन ने अपनी पढ़ाई में कोई कमी नहीं आने दी। वह अपने परिवार की बड़ी संतान हैं और उनके दो छोटे भाई भी हैं, जिनके लिए वह प्रेरणा बन गई हैं। अपनी सफलता का श्रेय सिमरन ने अपने माता-पिता, स्कूल के शिक्षकों और कोचिंग संस्थान ह्वआदि क्लासेजह्व के संचालक आदित्य को दिया। उन्होंने बताया कि परिवार ने कभी दबाव नहीं बनाया, बल्कि हर कदम पर उनका हौसला बढ़ाया। नियमित पढ़ाई, समय का सही उपयोग और आत्मविश्वास उनकी सफलता के मुख्य आधार रहे। भविष्य को लेकर सिमरन का लक्ष्य स्पष्ट है। वह मेडिकल क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहती हैं और नीट परीक्षा पास कर डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना चाहती हैं। सिमरन की यह सफलता न सिर्फ उनके परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा बन गई है।

## ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को तराशना हमरा लक्ष्य : अविनाश दत्त

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर जिले के छोटे से गांव चुरामनपुर ने इस बार बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा परिणाम में बड़ी उपलब्धि दर्ज कराई है। यहां संचालित दत्त क्लासेस के छात्रों ने यह साबित कर दिया कि सफलता के लिए बड़े शहरों का रुख करना जरूरी नहीं, बल्कि मेहनत, लगन और सही मार्गदर्शन से गांव में रहकर भी ऊंची उड़ान भरी जा सकती है। दसवीं के परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद दत्त क्लासेस की चुरामनपुर शाखा में उत्साह का माहौल देखने को मिला। संस्थान के निर्देशक अविनाश दत्त ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि ग्रामीण परिवेश अब किसी भी प्रकार की बाधा नहीं है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि परिश्रम का कोई विकल्प नहीं होता और यह परिणाम उसी का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को तराशना ही हमरा लक्ष्य है।

इस वर्ष दत्त क्लासेस के सभी छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में सफलता हासिल की, जिसमें 13 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में स्थान बनाकर संस्थान और गांव का नाम रोशन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों में युवराज यादव ने 436 अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि दीपक कुशवाहा (430), रोहित यादव (428) और शिवम वर्मा (400) ने भी शानदार अंक प्राप्त किए।

इसके अलावा पूजा कुमारी (369), पियूष राम (360), रवि पाल (350), सूरज पासवान (344), संजना कुमारी (343), शिवम रावत (320), चांदनी कुमारी (313), निधि गुप्ता (306) और शिवम राय (300) सहित अन्य छात्रों ने भी अच्छे अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

इस अवसर पर शिक्षक अमित कुमार समेत कई अभिभावक और छात्र उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की। यह परिणाम न सिर्फ दत्त क्लासेस के लिए, बल्कि पूरे चुरामनपुर गांव के लिए गर्व का विषय बन गया है और अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत भी।




### दत्त क्लासेस के सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण 13 ने प्रथम श्रेणी में बनाई जगह

## रेंका की मुस्कान बनी बिहार की शान: मैथ में 100अंक लाकर हासिल किया 8वां रैंक


**केटी न्यूज/डुमरांव**

परिंदों को तालीम नहीं दी जाती उड़ानों की, वे खुद ही छू लेते हैं बुलंदिया आसमानों की ...ह्व इस कहावत को सच कर दिखाया है नावानगर अंचल के रेंका गांव की होनहार बेटी मुस्कान कुमारी ने। साधारण परिवार में जन्मी इस प्रतिभाशाली छात्रा ने अपने अद्भुत प्रदर्शन से न सिर्फ अपने माता-पिता बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन कर दिया है। रविवार को घोषित बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा परिणाम में मुस्कान ने 480 अंक (96 प्रतिशत) प्राप्त कर पूरे राज्य में 8वां स्थान हासिल किया। उसकी सफलता की सबसे खास बात यह रही कि उसने गणित जैसे कठिन विषय में शत-प्रतिशत यानी पूरे 100 अंक हासिल किए। वहीं विज्ञान और सामाजिक विज्ञान में 99-99 अंक तथा हिन्दी और संस्कृत में 91-91 अंक प्राप्त कर अपनी मेधा का लोहा मनवाया। कोरानसराय गर्ल्स हाई स्कूल की छात्रा मुस्कान ने यह उपलब्धि बिना किसी कोचिंग के हासिल की है। उसने गांव में रहकर ही स्वअध्ययन के जरिए अपनी तैयारी पूरी की। उसकी प्रारंभिक शिक्षा भी गांव के मध्य विद्यालय से ही हुई, जहां से उसकी प्रतिभा की नींव मजबूत हुई। मुस्कान के पिता सुभाष यादव और माता पुष्पा देवी अपनी बेटी की इस सफलता से बेहद गर्वित हैं। परिजनों के अनुसार, मुस्कान बचपन से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर और अनुशासित रही है। वह रोजाना नियमित समय पर पढ़ाई करती थी ौर कठिन विषयों को भी धैर्य के साथ समझती थी। मुस्कान की इस ऐतिहासिक सफलता से रेंका गांव में खुशी की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों ने मिठाई बांटकर और बधाइयां देकर अपनी खुशी जाहिर की। हर कोई उसकी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास की सराहना कर रहा है। मुस्कान अब आगे चलकर उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने सपनों को साकार करना चाहती है। उसकी सफलता उन तमाम ग्रामीण छात्रों के लिए प्रेरणा है, जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखने का साहस रखते हैं।



### बिना कोचिंग, ग्रामीण माहौल में पढ़ाई कर रेंका की बेटी ने रचा इतिहास, पूरे गांव में जश्न का माहौल

## डुमरांव में सब्जी विक्रेता की बेटी शनताज ने मैट्रिक परीक्षा में लाई 93 फिसदी अंक बढ़ाई शान



**केटी न्यूज/डुमरांव**

कौन कहता है कि आसमां में सुराख नहीं हो सकता है, एक पत्थर तो तबीयत से उछालों यारों..., इस उक्ति को चरितार्थ कर दिखाई है डुमरांव के एक सब्जी विक्रेता की बेटी शनताज ने। डुमरांव के महारानी उषारानी बालिका प्लस टू विद्यालय की छात्रा शनताज ने इस बार के मैट्रिक परीक्षा में 93 फीसदी अंक लाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। शनताज को हिन्दी में 91, संस्कृत में 97 मैथ में 93, सामाजिक विज्ञान विषय में 65 तथा विज्ञान में 78 अंक ला अपने पूरे परिवार को गौरवान्वित किया है। शनताज डुमरांव के वार्ड 18 स्थित कमल नगर मोहल्ले में अपने पिता मुजाहिम अंसारी, माता सलमा खातून तथा अन्य बहनों के साथ रहती है। शनताज की सफलता इसलिए भी खास है कि उसके पिता सब्जी की एक छोटी दुकान चलाते है, जिससे पूरे परिवार को भरण-पोषण होता है। समय-समय पर शनताज भी अपने पिता का सहयोग करती है। इसके साथ ही वह पढ़ाई में भी काफी होशियार है तथा सेल्फ स्टडी से उसने यह सफलता हासिल की है। शनताज ने अपनी सफलता का श्रेय खुद पर विश्वास, माता-पिता तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है। शनताज उच्च शिक्षित बन देश की सेवा करना चाहती है।

## ग्रामीण प्रतिभा का जलवा: लाखन डिहरा के छात्रों ने मैट्रिक में गाड़े सफलता के झंडे

- सूरज और स्नेहा बने प्रेरणा, दर्जनों छात्रों ने 400+ अंक हासिल कर बढ़ाया विद्यालय का मान




**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव अनुमंडल के प्लस टू उच्च विद्यालय, लाखन डिहरा ने इस वर्ष मैट्रिक परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर यह साबित कर दिया कि प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती। ग्रामीण परिवेश में पढ़ने वाले छात्रों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से न सिर्फ विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। अमथुआ गांव के छात्र सूरज ने 473 अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। खास बात यह रही कि सूरज ने गणित विषय में 99 अंक हासिल कर अपनी मजबूत पकड़ का परिचय दिया। वहीं, इसी गांव की स्नेहा ने 463 अंक लाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया और विज्ञान में 99 अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इसके अलावा लाखन डिहरा की अंजलि ने 451 अंक प्राप्त किए। वहीं सविता, अन्नु, ममता, विवेक, निशांत, अंशिका, सुहानी, उषा, मोहिनी, अर्चना, आकांक्षा और खुशी सहित दर्जनों छात्रों ने 400 से अधिक अंक लाकर विद्यालय की उपलब्धियों में चार चांद लगा दिए। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक ने इस सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि बेहतर परिणाम का श्रेय छात्रों की मेहनत, शिक्षकों की लगन और अभिभावकों के सहयोग को जाता है। उन्होंने बताया कि सभी सफल छात्र विद्यालय के नियमित विद्यार्थी हैं, जिन्होंने अनुशासन और समर्पण के साथ पढ़ाई की। उन्होंने यह भी कहा कि यदि ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को पर्याप्त संसाधन और सुविधाएं मिलें, तो वे किसी भी स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। इस परिणाम ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि गांवों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। इधर, गांव के प्रख्यात हिंदी साहित्यकार और विद्वान प्रोफेसर डॉ. नंद जी दूबे ने इस सफलता को राज्य सरकार द्वारा शिक्षा क्षेत्र में किए गए सुधारों का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में आए सकारात्मक बदलावों का असर अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी साफ नजर आने लगा है। इस शानदार परिणाम से पूरे इलाके में खुशी का माहौल है। सफल छात्रों के घरों में बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है, वहीं अन्य छात्र भी इनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का संकल्प ले रहे हैं।

# बिजली चोरी में 208 लोगों पर प्राथमिकी सहित 83.43 लाख लगा जुर्माना

**केटी न्यूज/रोहतास**

बिजली चोरी की रोकथाम, बिलिंग गुणवत्ता में सुधार एवं बकायेदार उपभोक्ताओं के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत विद्युत विभाग द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में विभाग की जाँच टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए कई मामलों का खुलासा किया। जाँच के दौरान यह पाया गया कि कुछ उपभोक्ताओं द्वारा मीटर से पहले मुख्य सर्विस तार में कटिंग कर अतिरिक्त तार जोड़कर तथा मीटर को बाईपास कर विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी। इस संबंध में नटवार थाना क्षेत्र के महरोढ़ निवासी



गीता कुंवर पर 33065, सुरेंद्र पासवान पर 32027, माया देवी पर 22667, तारकेश्वर सिंह पर 14580, शांति देवी पर 49052 एवं विनोद साह पर 28877 का जुमार्ना लगाया गया है। वहीं, बिना वैध विद्युत कनेक्शन लिए एलटी पोल से अवैध रूप से तार जोड़कर बिजली चोरी करने के आरोप में देवरिया टोला निवासी चौधरी योगेश्वर सिंह पर 83120 का जुमार्ना लगाया गया। जांच के दौरान उनके परिसर में मीटर स्थापित नहीं पाया गया तथा वैध कनेक्शन से संबंधित कोई दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके अतिरिक्त, बकाया राशि रहने के बावजूद बिना भुगतान एवं आरसी शुल्क जमा किए अवैध रूप से बिजली उपयोग करने के मामले में बिक्रमगंज के कृष्णा नगर निवासी उर्मिला देवी पर 71959 का जुमार्ना लगाया गया है। विद्युत कार्यपालक अभियंता, सासाराम ई. ब्रवीम ने बताया कि बिजली चोरी पर रोक लगाने के लिए विभाग लगातार अभियान चला रहा है। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में 5000 से अधिक तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 20000 से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे जा रहे हैं तथा खराब मीटरों को तत्काल बदला जा रहा है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि बिजली बिल वसूली एवं लाइन काटने की कार्रवाई के लिए सेक्शन स्तर पर विशेष टीम (स्पेशल गैंग) गठित की गई है, जो घर-घर जाकर विपत्र की राशि वसूली कर रही है। भुगतान नहीं करने पर कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाई भी की जा रही है। गौरतलब है कि चालू माह में प्रमंडल सासाराम अंतर्गत कुल 208 लोगों के विरुद्ध बिजली चोरी के मामलों में प्राथमिकी दर्ज की गई है तथा 83.43 लाख का जुमार्ना लगाया गया है। अधिकारियों ने कहा कि विभाग उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके साथ ही बिजली चोरी एवं बकाया वसूली को लेकर सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# पटना में अब घर बैठे मिलेगी जिंदा मछली! 10 जगहों पर खुलेंगे मॉडर्न फिश आउटलेट



**एजेंसी/पटना**

पटना में मछली प्रेमियों और छोटे उद्यमियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। बिहार सरकार के डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग की पहल पर अप्रैल महीने से राजधानी के 10 प्रमुख इलाकों में आधुनिक ह्लफिश आउटलेटह्व शुरू किए जा रहे हैं। इन आउटलेट्स की खासियत यह होगी कि यहां ग्राहकों को जिंदा (लाइव) और फ्रोजन दोनों तरह की मछलियां उपलब्ध होंगी, साथ ही डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए घर बैठे ऑर्डर करने की सुविधा भी मिलेगी। यह पहल न केवल उपभोक्ताओं को ताजी और मिलावट रहित मछली उपलब्ध कराने के लिए है, बल्कि इसका उद्देश्य मछुआरों और महिला स्वयं सहायता समूहों को सीधे बाजार से जोड़ना भी है। इससे बिचौलियों की भूमिका कम होगी और उत्पादकों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिल सकेगा। सरकार इस योजना को पूरी तरह डिजिटल और स्मार्ट बनाने की दिशा में काम कर रही है। इसके तहत एक विशेष मोबाइल ऐप विकसित किया जा रहा है, जिसमें गूगल मैपिंग की सुविधा होगी। ग्राहक अपने नजदीकी फिश आउटलेट को आसानी से खोज सकेंगे और वहीं से सीधे ऑर्डर प्लेस कर पाएंगे। इसके अलावा व्हाट्सएप के जरिए भी ऑर्डर बुक करने की सुविधा दी जाएगी, जिससे तकनीक का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके। इस नई व्यवस्था के तहत ग्राहक अब बाजार जाने की झंझट से बचेंगे और अपनी पसंदीदा ताजी मछली सीधे घर पर प्राप्त कर सकेंगे। यह सुविधा खासतौर पर कामकाजी लोगों और बुजुर्गों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगी। अगर आप अपना खुद का व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं, तो यह योजना आपके लिए सुनहरा मौका बन सकती है। विभाग की ओर से फिश आउटलेट खोलने के लिए 80 प्रतिशत तक का अनुदान दिया जा रहा है। नगर निगम क्षेत्रों में आउटलेट स्थापित करने पर लगभग 15 हजार रुपये और नगर परिषद क्षेत्रों में करीब 10 हजार रुपये की प्रारंभिक लागत निर्धारित की गई है। इच्छुक आवेदकों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। वे विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सरकार का लक्ष्य है कि ज्यादा से ज्यादा युवा और महिलाएं इस योजना से जुड़कर आत्मनिर्भर बनें। पहले चरण में जिन 10 स्थानों को चुना गया है, उनमें पाटलिपुत्र गोलंबर, गर्दनीबाग, चितकोहरा, कंकड़बाग टेंपो स्टैंड, मीठापुर मत्स्य भवन, मुसल्लहपुर और मछुआ टोली जैसे प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं। इन जगहों पर आधुनिक सुविधाओं से लैस आउटलेट बनाए जाएंगे, जहां स्वच्छता और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएगा। विभाग की सचिव डॉ. एन. विजयलक्ष्मी के अनुसार, बिहार ने पिछले कुछ वर्षों में मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। एक दशक पहले जहां राज्य मछली उत्पादन में नौवें स्थान पर था, वहीं अब चौथे स्थान पर पहुंच चुका है। वर्तमान में बिहार में सालाना करीब 9.59 लाख मीट्रिक टन मछली का उत्पादन हो रहा है, जो राज्य की अर्थव्यवस्था और रोजगार के लिए एक बड़ा सहारा बन रहा है। इस नई फिश आउटलेट योजना से न केवल उत्पादन को बेहतर बाजार मिलेगा, बल्कि उपभोक्ताओं को भी गुणवत्ता युक्त उत्पाद सुलभ हो पाएंगे। कुल मिलाकर, यह पहल पटना में फिश मार्केट को आधुनिक और व्यवस्थित बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगी।

## सोनपा में आग का कहर : पलभर में राख हुई 7 झोपड़ियां, तीन परिवार सड़क पर

**केटी न्यूज/चौसा**

चौसा अंचल के सोनपा गांव में रविवार को लगी भीषण आग ने ऐसा तांडव मचाया कि देखते ही देखते तीन परिवारों की सात झोपड़ियां जलकर राख हो गईं। इस हादसे में हजारों रुपये नगद, अनाज, कपड़े समेत लाखों की संपत्ति पलभर में खाक हो गई, जिससे पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग की शुरूआत अचानक हुई और कुछ ही मिनटों में उसने विकराल रूप धारण कर लिया। मुखराम राजभर, तेजु राजभर और बोरसी देवी के झोपड़ीनुमा घर इसकी चपेट में आ गए। तेज हवा और ज्वलनशील सामग्री के कारण आग तेजी से फैलती गई, जिससे ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए।

ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने की भरसक कोशिश की,



लेकिन लपटों के आगे उनकी एक न चली। सूचना मिलने पर दमकल की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक सब कुछ जलकर नष्ट हो चुका था।

पीड़ितों के अनुसार, मुखराम राजभर के घर से करीब 15 हजार रुपये नगद, अनाज व कपड़े जल गए, जबकि बोरसी देवी के यहां से 8 हजार रुपये समेत सारा सामान खाक हो गया। तेजु राजभर को भी भारी नुकसान उठाना पड़ा है।

घटना की सूचना प्रशासन को दे दी गई है। पीड़ित परिवारों ने तत्काल राहत और मुआवजे की मांग की है, जबकि आग लगने के कारणों की जांच जारी है।

## एलआईसी एजेंट के बेटे ने बिहार में 8वां रैंक लाकर माता पिता का बढ़ाया मान

**केटी न्यूज /बिहिया (आरा)**

नगर पंचायत बिहिया के बिहिया गांव निवासी एलआईसी एजेंट राजकुमार सिंह के पुत्र तथा प्लस टू उच्च विद्यालय बिहिया के छात्र रौशन कुमार ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की मैट्रिक परीक्षा के परिणाम में राज्य में आठवां स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। रौशन कुमार को कुल 483 अंक (96.6 प्रतिशत) प्राप्त हुए हैं। रौशन की इस उपलब्धि से बिहिया सहित पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई है। परिजनों, शिक्षकों और स्थानीय लोगों ने उसे बधाई दी है। अपनी सफलता का राज बताते हुए रौशन ने कहा कि वह स्कूल में नियमित रूप से पढ़ाई करता था। इसके अलावा शनिचरा बाबा के समीप स्थित ज्ञान स्थली कोचिंग संस्थान में भी पढ़ाई करता था। कोचिंग के निदेशक सनोज कुमार के निर्देशन में वह रोजाना छह से आठ घंटे परीक्षा की तैयारी करता था। पढ़ाई के दौरान डाउट्स क्लियर करता था और साथियों के साथ ग्रुप डिस्कशन कर अपनी तैयारी को मजबूत बनाता था। रौशन ने बताया कि उसका लक्ष्य इंजीनियर बनना है और आगे की पढ़ाई भी वह इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर करेगा। अपनी सफलता का श्रेय उसने माता-पिता के आशीर्वाद और गुरु के कुशल मार्गदर्शन को दिया है। प्रखंड क्षेत्र के सेवगार गांव निवासी कृष्ण कुमार सिंह का सबसे छोटा पुत्र अनुराग कुमार ने मैट्रिक की परीक्षा में 471 अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता तथा गांव का नाम रौशन किया है।अनुराग के पिता प्राइवेट नौकरी करते हैं तथा मां मीनू देवी गृहिणी हैं। अनुराग की प्राथमिक शिक्षा अपने पैतृक गांव सेवगार के प्राथमिक स्कूल से हुई। माध्यमिक शिक्षा राम जानकी प्लस टू हाई स्कूल उदवंतनगर से हुई।अनुराग को कुल 471अंक मिले तथा 94.2 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल में सर्वाधिक अंक प्राप्त किया। अनुराग भविष्य में शिक्षक बनना चाहता है और अपनी सफलता को माता पिता का आशीर्वाद मानता है।

## प्रधानमंत्री मन की बात को कार्यकर्ताओं ने सुना

**रोहतास।** रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात की 132 वीं कड़ी बड़े ही हर्षोल्लास के साथ काराकाट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बिक्रमगंज प्रखंड शक्ति केंद्र घुसियां खुर्द बुथ संख्या 123 एवं 124 पर धूमधाम से सुनी गई ।तत्पश्चात बूथ कमेटी सदस्यों एवं कार्यकताओं को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता नवीन चंद्र साह ने मोदी के जीवन शैली को अभूतपूर्व बताया। कहा कि मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय व्यक्ति हैं। सारा संसार इनकी ओर आशा और विश्वास की दृष्टि से देख रहा है। साथ ही कार्यकताओं से 2 अप्रैल दिन गुरुवार को काराकाट चलने का आह्वान किया गया,क्योंकि उसी दिन सनातन संस्कृति चेतना के तत्वावधान में हिंदू नव वर्ष महोत्सव मनाया जा रहा है।

## जगत में मां धरती तो पिता आकाश के स्वरूप हैं : अजय

**आरा।** माता धरती होती है और पिता आकाश होते हैं। यह बात स्व० रामेश्वर सिंह के स्मृति हेतमपुर भोजपुर में प्रथम पुण्य तिथि के अवसर पर दिए जा रहे श्रद्धांजलि सभा सह भजन संध्या के मंच पर संचालन करते वक्त भोजपुरी के प्रति समर्पित गीतकार एवं कहानीकार कुमार अजय सिंह ने कहा। उक्त कार्यक्रम के आयोजक छोटु सिंह लोहतमिया उपाध्यक्ष कुश्ती संघ भोजपुर ने अपने पिता के याद में रखा था। जहां बिहार सहित अन्य जगहों से कलाकार, पहलवान, समाजसेवियों ने भाग लेकर श्रद्धांजलि दिया। गायक देवकुमार सिंह ने का करब राई-राई पाई-पाई जोड़के, निर्गुण को गाकर अपनी प्रस्तुति को दिया। झकड़ तिवारी ने बाबूजी सपनवा भइलन ए राम गीत को गाकर सभा को भाव विभोर कर दिया। बीमलेश सिंह व्यास ने चैता का गायन किया। इसके अलावा गायक नित्यानंद सिंह, रितेश दूबे, राजु सिंह सुमन सहित कलाकारों के स्वर में निर्गुण,भजन, तथा कीर्तन मंडली के द्वारा सुंदर काण्ड तथा हरिनाम संकीर्तन का भी कार्यक्रम हुआ। आए हुए लोगो को अंग वस्त्रम से जबकि गायको को मोमेंटो से सम्मानित किया गया। भोजपुर जिला से प्रथम बार कुश्ती में बने बिहार केशरी चंदन पांडेय, अनु गुप्ता कैमुर को जाने माने पहलवान अरुण सिंह बक्सर, मुख्य अतिथि मौर्या होटल के प्रबंध निदेशक, बीडी सिंह, भरत सिंह सहयोगी,छोटु सिंह लोहतमिया सहित लोगों के द्वारा सम्मानित किया गया। प्रथम सत्र के कार्यक्रम को मनोज सिंह शिक्षक ने तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन कुमार अजय सिंह ने किया। उपस्थित लोगो में समाज सेवी विष्णु सिंह, उप महापौर प्रतिनिधी सरोज सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह जमीरा, रामकुमार सिंह, डा० अनिल कुमार सिंह, दूलौर हास्पीटल, डॉ मुकेश सिंह, बेयंत पहलवान, अंजू देवी पूर्व जिला पार्षद, धिरज सिंह युवा नेता, उदय सिंह, कृष्णा सिंह, हरेराम सिंह, रामसुंदर सिंह, मंटु सिंह बी ए एस एफ, बीरेंद्र सिंह, संजय सिंह, गुप्तेश्वर पहलवान, राजेन्द्र पहलवान, विशुनदेव पहलवान, रघुपति पहलवान,मृत्युंजय भारद्वाज, मुखिया मिथुन सिंह, मंटु सिंह, विजय सिंह सहित सैकड़ों लोग थे।

## मुंबई में 35 मंजिला बनेगा बिहार भवन, 314.20 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण कार्य होगा शुरू

**एजेंसी। पटना**

मुंबई में 35 मंजिले बिहार भवन का निर्माण करीब 314.20 करोड़ रुपये की लागत से इसी साल शुरू होगा. इसे 30 महीने में पूरा करने की समयसीमा रखी गयी है. इसके लिए भवन निर्माण विभाग ने प्रशासनिक मंजूरी दे दी है. इसको बनाने का मकसद बिहार में औद्योगिक विकास और निवेश को बढ़ावा देने के साथ ही निवेशकों को सुविधा उपलब्ध करवाना है. आधुनिक बिहार की जानकारी देने और सहयोग देने सहित बिहार के लोगों को बेहतर मेडिकल फैसिलिटी के लिए उनके रहने का जगह उपलब्ध करवाना है. सूत्रों के अनुसार मुंबई में बिहार भवन बनाने




के लिए राज्य मंत्रिपरिषद ने 13 जनवरी, 2026 को मंजूरी दे दी थी. इसके बाद इसके तकनीकी पहलुओं पर भवन निर्माण विभाग की तरफ से तेज गति से काम किया जा रहा है. इस भवन में सभी आधुनिक सुविधाएं होंगी. इसमें लिफ्ट, जनेरेटर, बिजली सबस्टेशन, एसी, छत के ऊपर सौर ऊर्जा, एसटीपी / इटीपी काम, आग सुरक्षा से संबंधित सुविधाओं के प्रावधान किये जाएंगे. इसके साथ ही इस भवन तक वाहनों को पहुंचने और उनके पार्किंग सहित अन्य सुविधाओं का बेहतर इंतजाम किया जायेगा. सूत्रों के अनुसार मुंबई में बनने वाले बिहार भवन का निर्मित क्षेत्रफल तीन लाख 10 हजार 43 वर्गफुट होगा. इस बिहार भवन को 35 मंजिल का बनाया जायेगा. इसमें तीन मंजिला बेसमेंट होगा. उस बेसमेंट में ही वाहनों के लिए पार्किंग सुविधा होगी. इसके ऊपर ग्राउंड फ्लोर और मेजनाइन फ्लोर बनाया जायेगा. इसके ऊपर 30 मंजिलों का निर्माण किया जायेगा. इन 30 मंजिलों में वीवीआइपी, वीआइपी और आम लोगों रुकने के लिए अलग-फ्लोर पर सूइट, कमरे और डोरमेटरी बनाये जायेंगे. इस भवन में कैफेटेरिया की भी व्यवस्था होगी।

## एक नजर

### काराकाट : मैट्रिक परीक्षा में प्रियांशु ने 9वां स्थान प्राप्त कर बढ़ाया मान

**काराकाट ।** बिहार बोर्ड 10वीं परीक्षा के आज घोषित परिणाम में रोहतास जिले के काराकाट प्रखंड के गोडारी स्थित राम रूप हाई स्कूल के होनहार छात्र प्रियांशु कुमार ने राज्य स्तर पर नौवां स्थान हासिल कर जिले का मान बढ़ाया। कुल 500 अंकों में 482 अंक लाकर प्रियांशु ने माता-पिता का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया। परिणाम घोषित होते ही स्कूल और इलाके में मिठाइयों की बौछार हो गई। प्रियांशु के पिता मनोज कुमार एक गुमटी दुकान चलाते थे, जो बंद हो गई। ऐसे में मां सीमा देवी ने सिलाई मशीन से कमाई कर बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाया। मनोज ने बताया, प्रियांशु पर मेरा पूरा भरोसा था। मेरा बड़ा बेटा गौतम भोपाल में बीटेक कर रहा है, जबकि बेटी प्रिया लाइब्रेरी शिक्षक की तैयारी कर रही है। सभी पढ़ाई में अव्वल हैं। प्रियांशु ने अपनी सफलता का श्रेय नाना बबन साह, नानी और मामा के सहयोग को दिया। उन्होंने कहा, पैतृक गांव सासाराम के अमरातालाब से हूं, लेकिन दसवीं की तैयारी नाना के घर गोडारी में की। ऑनलाइन और सेल्फ स्टडी से बहुत मेहनत की। पढ़ाई के दौरान आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ा, लेकिन मां ने कभी हार नहीं मानी। आज उनके चेहरे पर मुस्कान देखकर सुकून मिला। स्कूल के प्रधानाचार्य अमरेश कुमार ने प्रियांशु को बधाई देते हुए कहा, "वह बहुत होनहार छात्र है। स्कूल का नाम रोशन किया।

### रामनवमी पर्व के भक्तिमय कथा समापन पर प्रसाद भंडारें का आयोजन



**बिक्रमगंज ।** रामनवमी एवं हिंदू नव वर्ष के पावन अवसर पर सासाराम रोड बिक्रमगंज स्थित श्री दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में आयोजित श्रीरामचरितमानस कथा का 26 मार्च को श्रद्धापूर्वक समापन हुआ । इसके उपलक्ष्य में रविवार को मां के प्रांगण में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया,जहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भंडारे में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और महाप्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ अर्जित किया । पूरा वातावरण भक्ति, श्रद्धा और उल्लास से सराबोर नजर आया । इसी कड़ी में शहर के प्रसिद्ध मां आस्कामिनी मंदिर परिसर में भी कथा समापन के बाद आयोजन समिति द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया । यहां भी भक्तों ने महाप्रसाद ग्रहण कर मां आस्कामिनी का आशीर्वाद प्राप्त किया । दोनों स्थानों पर हुए इस धार्मिक आयोजन ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया । आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि ऐसे आयोजनों से समाज में एकता, आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं को नई ऊर्जा मिलती है।

### आर्मी संघ के नेतृत्व में डॉ.अंबेडकर की मनेगी जयंती

**पीरो।** भारतीय संविधान के जनक बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पीरो में समारोह के साथ मनाई जाएगी। इसके लि भीम आर्मी के बिहार प्रदेश महासचिव ऋषिराज के मार्गदर्शन व पीरो प्रखंड अध्यक्ष सरोज कुमार की देखरेख में कार्यक्रम की आवश्यक तैयारी शुरू कर दी गई है। कार्यक्रम की तैयारी से संबंधित संगठन के सदस्यों की बैठक सरोज कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें पूरे कार्यक्रम की रुप रेखा तय की गई। ऋषि राज ने कहा कि इस बार पीरो में होने वाली झांकी ऐतिहासिक होगी। इस बार लगभग 50 से ज्यादा गांव से लोग बाबा साहब की झांकियां और डीजे लेकर पीरो पहुंचेंगे। यहां आयोजित बैठक में पीरो,नगरी,बलुआही टोला,चौबे की छावनी, हाटपोखर, छवरही जंगल महाल,नगरी,बरौली, खननीकलां, हसवांडीह, बचरी, हसन बाजार, चरपोखरी, अगिआंव सहित दर्जनों गांव के सैकड़ों लोगों के अलावे आजाद समाज पार्टी के प्रदेश महासचिव सुरेश यादव, मनीष कुमार,अविनाश कुमार, नरेंद्र कुमार, मिथिलेश कुमार, गुलबस, रवि कुमार आदि उपस्थित थे।

### मैट्रिक परीक्षा में प्रोग्रेसिव सेंटर के छात्रों ने लहराया परचम

**पीरो ।** पीरो अनुमंडल मुख्यालय स्थित प्रोग्रेसिव ट्यूशन सेंटर के शत प्रतिशत छात्रों ने वार्षिक माध्यमिक(मैट्रिक) परीक्षा में सफलता हासिल की है। इस संस्थान के छात्र शुभम पांडेय को कुल 451(90.2%),अनिशा कुमारी को 456 अंक, निर्णय कुमार को 452 अंक, कृष कुमार को 453अंक, मदन मोहन को 443अंक,पियुषी कुमारी को 423 अंक आसमीन अंसारी को 438 अंक यास्मीन परवीन 444अंक, खुशी कुमारी को 435 अंक, अभिषेक कुमार को 417 अंक, ओमजी को 414 अंक,प्रिंस कुमार को 425 अंक, शशि कुमार को 428 अंक, हिमांशु कुमार को 432अंक, अभिमन्यु कुमार को 437 अंक, माही कुमारी को 410 अंक, शमां परवीन को 405 अंक कौशिक कुमार 411अंक, प्रियरंजन कुमार को 411 अंक, गणेश कुमार को 414 अंक, हाफिज अली को 401 अंक हासिल हुए हैं। संस्थान के निदेशक सत्येंद्र कुमार पांडेय व उपेन्द्र कुमार पांडेय के अनुसार उनके संस्थान के शिक्षकों के मार्गदर्शन में तैयारी करने वाले 240 छात्र-छात्राओं ने मैट्रिक की परीक्षा दी थी । इनमें सभी 240 छात्र सफल रहे हैं। आठ छात्र-छात्राओं को 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त हुए हैं। जबकि 44 छात्र-छात्राओं ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर सफलता प्राप्त की है।

### उपभोक्ता को अब गैस सिलेंडर की मिलेगी होम डिलेवरी

**पीरो।** रसोई गैस की कोई किल्लत नहीं है। इसके लिए गैस एजेंसी के कार्यालय या गोदाम पर जाने की कोई आवश्यकता नहीं है। एजेंसी के वेंडर हर उपभोक्ता के घर जाकर रसोई गैस की डिलेवरी देंगे। ये बातें अनुमंडल पदाधिकारी कृष्ण कुमार उपाध्याय ने जारी प्रेस नोट में कहा है। अनुमंडल पदाधिकारी के अनुसार गैस सिलेंडर की उपलब्धता और उसको घर-घर पहुंचाने को लेकर जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित एजेंसियों और कंपनियों के साथ बैठक की है और उसमें स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि घर-घर सिलेंडर उपभोक्ताओं को पहुंचाना है। इसके बावजूद यह पाया जा रहा है कि अनेक उपभोक्ता विशेष करके पीरो में अजय इंडेन के उपभोक्ता बार-बार यहां लाइन लगा दे रहे हैं जबकि लोगों के घर गैस सिलेंडर पहुंचाने की कोशिश की जा रही है । बार-बार समझाने के बाद भी उपभोक्ता गैस एजेंसी के केंद्र पर या पड़ाव मैदान में आकर के लाइन लगा दे रहे हैं जो ठीक बात नहीं है। किसी भी उपभोक्ता को कल सुबह से गैस एजेंसी या पड़ाव मैदान से गैस सिलेंडर नहीं मिलेगा। सभी उपभोक्ताओं के घर पर गैस एजेंसी गैस पहुंचाएगी । अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि गैस की पूर्ण उपलब्धता है । गैस की कोई कमी नहीं है । लोग गैस सिलेंडर भरवा भरवा कर जमा कर रहे हैं और कई लोग तो कालाबाजारी करने की कोशिश भी कर रहे हैं। ऐसे कुछ लोगों को पकड़ा भी गया है और लगातार छापामारी जारी है । ऐसे लोगों को पकड़ा भी जाएगा मार्केट में जो लोग गैस की रिफिलिंग कर रहे हैं । जो लोग गैस की कालाबाजारी कर रहे हैं या करने की कोशिश कर रहे हैं उनको सावधान करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी पीरों ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की कि वह अपने घर पर रहें । उनके घर निश्चित रूप से सिलेंडर 72 घंटे के अंदर पहुंचेगा।

# सोन नहर के किनारे लगेगा 10 मेगावाट सोलर प्लांट, ग्रीन एनर्जी को मिलेगा बढ़ावा

**एजेंसी/पटना**

बिहार में सोन नहर के तटबंध पर 10 मेगावाट सोलर पावर प्लांट की योजना को मंजूरी दे दी गई है. इसे हरित ऊर्जा उत्पादन और बिजली आपूर्ति में सुधार की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है.बिहार सरकार अब नदियों और नहरों के जरिए सिंचाई के साथ-साथ बिजली उत्पादन पर भी जोर दे रही है। इसी कड़ी में राज्य सरकार ने पश्चिमी सोन नहर के तटबंध पर 10 मेगावाट के सोलर पावर प्लांट की स्थापना को मंजूरी दे दी है। जल



संसाधन विभाग ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए बिजली कंपनी को अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी कर दिया है। यह पहल बिहार को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है। इस परियोजना के तहत पश्चिमी सोन नहर के शुरूआती एक किलोमीटर हिस्से को चिन्हित किया गया है, जहां करीब 80 हजार वर्ग फीट क्षेत्र में आधुनिक सोलर पैनल लगाए जाएंगे। इस पावर प्लांट का निर्माण और संचालन बिजली कंपनी द्वारा किया जाएगा। इससे न केवल बड़े पैमाने पर हरित ऊर्जा का उत्पादन होगा, बल्कि भूमि की कमी से अटकी परियोजनाओं को भी नई दिशा मिलेगी। जल संसाधन विभाग ने एनओसी जारी करते समय सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। स्पष्ट किया गया है कि सोलर प्लांट की स्थापना इस तरह होनी चाहिए कि नहर के तटबंधों की मजबूती पर कोई असर न पड़े। बताया जा रहा है कि जल संसाधन विभाग और बिजली कंपनी के बीच तटबंधों के उपयोग को लेकर लंबे समय से मंथन चल रहा था। सोन नहर पर शुरू हो रहा यह प्रोजेक्ट एक पायलट मॉडल के रूप में काम करेगा। यदि यह सफल रहा, तो भविष्य में कोसी, गंडक और अन्य प्रमुख नहरों के किनारों पर भी ऐसे सोलर पार्क विकसित किए जा सकते हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर बिजली की समस्या भी कम होगी। 10 मेगावाट का यह सोलर प्लांट पर्यावरण के लिए भी लाभकारी साबित होगा। इससे कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी और राज्य सरकार के ह्यजल-जीवन-हरियालीह्न अभियान को मजबूती मिलेगी। बिजली कंपनी द्वारा भूमि का सर्वे पूरा कर लिया गया है और एनओसी मिलने के बाद अब टेंडर प्रक्रिया जल्द शुरू होने की संभावना है। इस परियोजना के पूरा होने के बाद आसपास के क्षेत्रों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।

## एक नजर

### बिहार में खौफनाक वारदात! सरेराह दो राहगीरों को मारी 5 गोली, खून से लथपथ सड़क, दहशत में लोग

**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में अपराधियों का दुस्साहस एक बार फिर सामने आया है। कांटी थाना क्षेत्र के कपरपुरा रेलवे गुमटी के पास शनिवार रात बदमाशों ने साइकिल सवार दो राहगीरों को निशाना बनाते हुए ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस हमले में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना वारमतपुर लीची गाछी के समीप की है, जहां देर रात सुनसान इलाके का फायदा उठाकर पहले से घात लगाए अपराधियों ने इस वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार, सिरसिया निवासी राजकिशोर भगत उर्फ लालू (40) और शाहबाजपुर निवासी अनिल पटेल (45) साइकिल से शहर से अपना काम निपटाकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान बदमाशों ने उन्हें घेर लिया और अचानक गोलियां बरसानी शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, अपराधियों ने कुल पांच राउंड फायरिंग की। इसमें राजकिशोर भगत को सीने और पेट में तीन गोलियां लगी हैं, जबकि अनिल पटेल को दो गोलियां लगी हैं। गोली लगते ही दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े और खून से लथपथ हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों द्वारा शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायल दोनों युवकों को तुरंत बैरिया स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। डॉक्टरों की टीम लगातार इलाज में जुटी हुई है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यह घटना लूटपाट के दौरान हुई हो सकती है। आशंका जताई जा रही है कि बदमाशों को पहचान लिए जाने के डर से उन्होंने दोनों युवकों को गोली मार दी। हालांकि, पुलिस इस मामले के हर पहलू की जांच कर रही है और अभी किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है।

### पटना में आधी रात आग का तांडव! 5 मिनट में जलकर राख हुई पूरी बिल्डिंग

**पटना।** राजधानी पटना के व्यस्त इलाके गांधी मैदान थाना क्षेत्र अंतर्गत दलदली रोड पर देर रात लगी भीषण आग ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी। रात करीब 2:30 बजे अचानक एक मकान से उठी तेज लपटों ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। यह घटना प्रेम कुमार नामक व्यक्ति के मकान में हुई, जहां कुछ ही मिनटों में आग ने पूरी बिल्डिंग को अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आग इतनी तेजी से फैली कि महज पांच मिनट के भीतर ही पूरा मकान धू-धू कर जलने लगा। आग की भयावह लपटें और उठता धुआं देखकर आसपास के दुकानदारों और स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। लोग अपनी जान बचाने के लिए घरों से बाहर भागने लगे। कई लोगों ने अपने घरों से जरूरी सामान निकालने की कोशिश की, लेकिन आग की तीव्रता के सामने सब बेबस नजर आए। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग हरकत में आया और तत्काल कई दमकल गाड़ियों को मौके पर रवाना किया गया। अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आग पूरी इमारत को अपनी चपेट में ले चुकी थी। दलदली रोड की संकरी गलियों के कारण दमकल की गाड़ियों को घटनास्थल तक पहुंचने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, जिससे आग बुझाने में और चुनौती बढ़ गई।

# बिहार बोर्ड 10वीं 2026 का परिणाम घोषित में पुष्पांजलि कुमारी और सबरीन परवीन ने किया टॉप



### टॉपर्स की लिस्ट

- **रैंक 1 (संयुक्त) :** पुष्पांजलि कुमारी (जमुई) - 492 अंक (98.4%)सबरीन प्रवीण (वैशाली) - 492 अंक (98.4%)
- **रैंक 2 :** नाहिद सुल्ताना (बेगूसराय) - 489 अंक (97.8%)
- **रैंक 3 :**(संयुक्त)अनुपा कुमारी (बक्सर) - 488 अंक (97.6%)ओम कुमार (बेगूसराय) - 488 अंक (97.6%)
- **रैंक 4 :** (संयुक्त)ज्योति कुमारी (समस्तीपुर) - 487 अंक (97.4%)अनुभव कुमार (बांका) - 487 अंक (97.4%)अंश राज (पूर्णिया) - 487 अंक (97.4%)
- **रैंक 5 :** (संयुक्त)प्रेरणा कुमारी (बेगूसराय) - 486 अंक (97.2%)नसरिन परवीन (भोजपुर) - 486 अंक (97.2%)अभनीश कुमार (बेगूसराय) - 486 अंक (97.2%)बिकाश कुमार गुप्ता (कैमूर) - 486 अंक (97.2%)रुपेश कुमार (सहरसा) - 486 अंक (97.2%)

**एजेंसी/पटना**

बिहार स्कूल एग्जामिनेशन बोर्ड (बीएसईबी) ने 10वीं यानी मैट्रिक के नतीजे का आधिकारिक तौर पर ऐलान कर दिया है। इस बार पुष्पांजलि कुमारी ने स्टेट टॉप किया है। पुष्पांजलि के साथ ही वैशाली की सबरीन परवीन ने भी 492 अंक लाकर संयुक्त रूप से पहला स्थान हासिल किया है। इस साल कुल 81.79 फीसदी परीक्षार्थी पास हुए हैं। अगर पास होने वाले छात्रों की बात करें तो इस बार 6 लाख 1 हजार 390 लड़के पास हुए हैं, जबकि 6 लाख 34 हजार 353 छात्राएं सफल हुई हैं। यानी साफ है कि रिजल्ट में लड़कियों ने बढ़त बनाई है। यह ट्रेंड पिछले कुछ सालों से लगातार देखने को मिल रहा है, जहां छात्राएं पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। इस बार भी वही तस्वीर दोहराई गई है। इस बार टॉप करने वाली छात्राओं में सबसे ज्यादा चर्चा सिमुलतला की छात्रा पुष्पांजलि कुमारी की हो रही है। उन्होंने 492 अंक हासिल कर पूरे राज्य में पहला स्थान प्राप्त किया। उनके साथ ही वैशाली जिले की सबरीन ने भी समान अंक लाकर संयुक्त रूप से पहला स्थान हासिल किया। दोनों छात्राओं ने 98.4 फीसदी अंक हासिल किए। टॉपर्स की लिस्ट में दूसरा स्थान भी एक छात्रा ने ही हासिल किया है। बेगूसराय की नाहिद सुल्ताना ने 489 अंक यानी 97.8 फीसदी मार्क्स लाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया।कितने छात्रों ने दी परीक्षाइस साल बिहार बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा में कुल 15 लाख 10 हजार 928 परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया था। इतने बड़े स्तर पर परीक्षा का आयोजन और फिर समय पर रिजल्ट जारी करना अपने आप में बड़ी बात मानी जा रही है। बोर्ड ने मूल्यांकन प्रक्रिया भी काफी तेजी से पूरी की। कॉपियों का मूल्यांकन 2 मार्च से शुरू हुआ था और 13 मार्च तक खत्म कर लिया गया। इसके बाद महज 16 दिनों के भीतर रिजल्ट जारी कर दिया गया, जो छात्रों के लिए राहत भरी खबर रही।शिक्षा मंत्री और बोर्ड अध्यक्ष ने जारी किया रिजल्टमैट्रिक परीक्षा 2026 का परिणाम शिक्षा मंत्री सुनील कुमार और बिहार बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर ने संयुक्त रूप से जारी किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए रिजल्ट की घोषणा की गई, जिसमें पास प्रतिशत, टॉपर्स और अन्य जरूरी आंकड़े साझा किए गए।पिछले साल जैसा ही रहा रिजल्ट का समयदिलचस्प बात यह है कि इस बार भी रिजल्ट 29 मार्च को ही जारी किया गया, जैसा कि पिछले साल हुआ था। इससे यह संकेत मिलता है कि बोर्ड अब अपने तय शेड्यूल पर ही काम कर रहा है और रिजल्ट में देरी की संभावना कम होती जा रही है।

# बिहार में जमीन खरीदना हुआ महंगा सर्किल रेट में हुआ चार गुना इजाफा




**एजेंसी/पटना**

बिहार में नए वित्तीय वर्ष की शुरूआत से पहले आम जनता को बड़ा झटका लग सकता है। राज्य में फ्लैट और जमीन की खरीद-बिक्री पर निबंधन दर यानी सर्किल रेट में भारी बढ़ोतरी की तैयारी चल रही है। प्रस्तावित बदलाव लागू होने के बाद लोगों को जमीन की रजिस्ट्री के लिए मौजूदा दर की तुलना में तीन से चार गुना तक अधिक राशि चुकानी पड़ सकती है। मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग ने जिला मूल्यांकन समितियों से प्राप्त अनुशंसाओं के आधार पर एमवीआर (मिनिमम वैल्यू रजिस्टर) में संशोधन का प्रस्ताव तैयार कर राज्य सरकार को भेज दिया है। सरकार की मंजूरी मिलते ही नई दरें लागू कर दी जाएंगी। इस बदलाव से पहले ही रियल एस्टेट बाजार में हलचल तेज हो गई है।जानकारी के अनुसार, जिलों में डीएम की अध्यक्षता में गठित मूल्यांकन समितियों ने वर्तमान सर्किल रेट की गहन समीक्षा की है। निबंधन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में वर्ष 2013 के बाद और शहरी क्षेत्रों में वर्ष 2016 के बाद एमवीआर में कोई बड़ा संशोधन नहीं हुआ है। इस दौरान जमीन की बाजार कीमतों में कई गुना वृद्धि दर्ज की गई है। बाजार मूल्य और सरकारी दर के बीच बढ़ते अंतर को संतुलित करने के लिए ही यह संशोधन प्रस्तावित किया गया है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, यदि नया सर्किल रेट लागू होता है तो राज्य सरकार को स्टांप ड्यूटी और निबंधन शुल्क से राजस्व में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी। हालांकि, इसका सीधा असर आम लोगों पर पड़ेगा, क्योंकि उन्हें जमीन और फ्लैट खरीदने के लिए अधिक खर्च करना होगा। वहीं, विभाग की ओर से यह भी स्पष्ट किया गया है कि नया सर्किल रेट एक अप्रैल से लागू होना मुश्किल दिख रहा है। कारण यह है कि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी इन दिनों अन्य राज्यों में विधानसभा चुनावों के लिए प्रेक्षक की जिम्मेदारी निभा रहे हैं, जिससे प्रक्रिया में थोड़ी देरी संभव है। इधर, आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निबंधन विभाग ने विशेष व्यवस्था की है। जनवरी से ही रविवार के दिन भी निबंधन कार्यालय खोले जा रहे हैं ताकि लोगों को रजिस्ट्री में किसी तरह की परेशानी न हो। इसके अलावा 29 मार्च को रविवार और 31 मार्च को महावीर जयंती होने के बावजूद अगले तीन दिनों तक सभी निबंधन कार्यालय सामान्य दिनों की तरह खुले रहेंगे और भूमि एवं फ्लैट की रजिस्ट्री का कार्य सुचारू रूप से जारी रहेगा।कुल मिलाकर, सर्किल रेट में प्रस्तावित बढ़ोतरी से जहां सरकार के राजस्व में वृद्धि होगी, वहीं आम लोगों पर जमीन और घर खरीदना और भी महंगा हो सकता है।

# गोपालगंज पुलिस ने पशु तस्कर गिरोह का किया भंडाफोड़, सात गिरफ्तार

**एजेंसी/पटना**



गोपालगंज से बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां पुलिस ने पशु तस्करों के खिलाफ सुनियोजित कार्रवाई करते हुए एक सक्रिय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस अधीक्षक विनय तिवारी के निर्देश पर जिले में पशु तस्करी और पशु चोरी के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसका नेतृत्व सदर एसडीपीओ-2 राजेश कुमार ने किया।पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में अहम खुलासे हुए हैं। विशेष रूप से जावेद अली के बयान के आधार पर पूरे गिरोह के नेटवर्क की जानकारी सामने आई है, जिस पर आगे की कार्रवाई जारी है। छापेमारी के दौरान आरोपियों के पास से भारी मात्रा में सामान बरामद किया गया, जिसमें 30 हजार रुपये नकद, दो पिकअप वाहन, एक ऑल्टो कार, तीन मोटरसाइकिल, दो मोटर, चार मोबाइल फोन और एक गैस सिलेंडर शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह गिरोह लंबे समय से क्षेत्र में सक्रिय था और पशु तस्करी एवं चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। इस कार्रवाई के जरिए गिरोह की कमर तोड़ने में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सदर एसडीपीओ-2 राजेश कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निदेशार्नुसार की गई है। उन्होंने कहा कि जिले में पशु तस्करी के खिलाफ लगातार सख्त अभियान चलाया जा रहा है और इसके लिए विशेष टीम गठित की गई थी। हालांकि, गिरोह के कुछ अन्य सदस्य अभी भी फरार हैं, उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है। गोपालगंज पुलिस इस मामले में गहन अनुसंधान कर रही है और गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ के आधार पर पूरे नेटवर्क का खुलासा करने में जुटी हुई है। कुल मिलाकर यह कार्रवाई न केवल बड़ी सफलता मानी जा रही है, बल्कि इससे पशु तस्करी के खिलाफ एक कड़ा संदेश भी गया है।

# एमेजन पार्सल में शराब का खेल! मछली दाना के नाम पर 314 लीटर तस्करी का खुलासा




**एजेंसी/पटना**

बिहार के समस्तीपुर जिले में शराब तस्करी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म एमेजन के डिलीवरी नेटवर्क का दुरुपयोग कर अवैध शराब की खेप भेजी जा रही थी। मुफस्सिल थाना पुलिस ने शनिवार को जितवारपुर स्थित एक वेयरहाउस में छापेमारी कर इस पूरे रैकेट का पदार्फाश किया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मछली दाना (फिश फीड) की बुकिंग के नाम पर शराब की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए वेयरहाउस में छापा मारा। जांच के दौरान कूरियर कंपनी के कर्मचारियों ने भी बताया कि कुछ पार्सलों से संदिग्ध गंध आ रही थी, जिसके बाद उन्होंने अपने टीम लीडर को इसकी जानकारी दी और फिर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने जब पार्सलों को खोलना शुरू किया तो अंदर का नजारा देखकर सभी के होश उड़ गए। बोरे के अंदर प्लास्टिक की बाल्टियों में मछली दाना की जगह शराब भरी हुई थी। तस्करों ने बेहद शातिर तरीके से शराब की बोतलों को प्लास्टिक बाल्टियों में रखकर उसे जूट के बोरे में पैक किया था, ताकि किसी को शक न हो। पुलिस ने एक-एक कर कुल 20 पैकेटों को खोला और सभी को जब्त कर लिया। बरामद शराब में 252 लीटर बीयर और 62 लीटर अंग्रेजी शराब शामिल है, यानी कुल 314 लीटर शराब जब्त की गई है। यह खेप कल्याणपुर थाना क्षेत्र के लदौरा पंचायत भवन के समीप रहने वाले वीरेंद्र कुमार के यहां डिलीवर होनी थी। पूछताछ और प्रारंभिक जांच में पता चला है कि इस पार्सल को रांची से भेजा गया था। इसमें मुंबई के रहने वाले सेलर आदर्श कुमार और गुंजेश कुमार का नाम सामने आया है, जिन्होंने यह खेप बुक की थी। वहीं, स्थानीय स्तर पर इसकी डिलीवरी वीरेंद्र कुमार को होनी थी।इस पूरे मामले में कूरियर कंपनी के चैनल टीम लीडर केशव कुनाल सिन्हा के बयान पर तीनों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी तलाश में जुट गई है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस तरह की तस्करी कब से और किन-किन जगहों पर की जा रही थी। बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू होने के बावजूद इस तरह के मामले लगातार सामने आ रहे हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि तस्कर नए-नए तरीकों से कानून को चुनौती देने की कोशिश कर रहे हैं।

# फिर बदलने वाला है बिहार का मौसम : मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

**कई जिलों में तेज हवा और बारिश की संभावना**

**एजेंसी/पटना**



बिहार में अगले 3 दिनों के लिए मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है. मौसम विभाग ने गरज-चमक, तेज हवा और बारिश की संभावना जताई है. पटना मौसम विज्ञान केंद्र ने लोगों को सुरक्षित स्थान पर रहने की सलाह दी है. बिहार में एक बार फिर से मौसम करवट लेने वाला है। अगले तीन दिनों के लिए पटना मौसम विज्ञान केंद्र ने अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने 1 अप्रैल तक राज्य के कई जिलों में गरज-चमक, बारिश और तेज हवा चलने की संभावना जताई है और राज्य के लोगों से बारिश के दौरान सतर्कता बरतने की अपील की है। 29 मार्च को वेस्ट चंपारण, ईस्ट चंपारण, गोपालगंज, सिवान, सारण, मुजफ्फरपुर, वैशाली, समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी, पटना, भोजपुर, बक्सर, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, गया, नवादा, नालंदा, अरवल, जहानाबाद, बेगूसराय और शेखपुरा में मौसम सामान्य रहने का अनुमान है। वहीं, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, मधेपुरा, सहरसा, खगड़िया, भागलपुर, मुंगेर, बांका और जमुई में गरज-चमक के साथ तेज हवा चलने की संभावना जताई गई है। 31 मार्च से 1 अप्रैल के बीच पूरे बिहार में मौसम बदलने की संभावना है। इस दौरान वेस्ट चंपारण, ईस्ट चंपारण, गोपालगंज, सिवान, सारण, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, दरभंगा, वैशाली, समस्तीपुर, पटना, भोजपुर, बक्सर, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, गया, नवादा, नालंदा, अरवल, जहानाबाद, बेगूसराय, खगड़िया, भागलपुर, मुंगेर, बांका, जमुई, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, पूर्णिया, कटिहार, अररिया और किशनगंज में तेज हवा, बारिश और बिजली गिरने का खतरा रहेगा। तापमान की स्थिति की बात करें तो न्यूनतम तापमान 17.7 से 18.3 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा, जबकि पटना में अधिकतम तापमान 33 से 35 डिग्री तक पहुंच सकता है। 31 मार्च को बारिश के साथ आंधी की संभावना भी है। मौसम विभाग ने नागरिकों को सलाह दी है कि खराब मौसम के दौरान खुले में न रहें, पेड़ों के नीचे खड़े न हों और सुरक्षित स्थान पर रहें।

### 31 मार्च और 1 अप्रैल को कैसा रहेगा मौसम

31 मार्च से 1 अप्रैल के बीच पूरे बिहार में मौसम बदल जाएगा. इस दौरान लगभग वेस्ट चंपारण, ईस्ट चंपारण, गोपालगंज, सिवान, सारण, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, दरभंगा, वैशाली, समस्तीपुर, पटना, भोजपुर, बक्सर, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, गया, नवादा, नालंदा, अरवल, जहानाबाद, बेगूसराय, खगड़िया, भागलपुर, मुंगेर, बांका, जमुई, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, पूर्णिया, कटिहार, अररिया और किशनगंज में तेज हवा, बारिश और बिजली गिरने का खतरा रहेगा।

### तापमान पर क्या अपडेट

तापमान की बात करें तो न्यूनतम तापमान 17.7 डिग्री से 18.3 डिग्री के बीच दर्ज किया गया है. पटना में आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान 33 डिग्री से 35 डिग्री तक रह सकता है. 31 मार्च को बारिश के साथ आंधी की संभावना है. मौसम विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि खराब मौसम के दौरान खुले में न रहें, पेड़ों के नीचे खड़े न हों और सुरक्षित स्थान पर रहें।

# अरवल की बेटियों ने रचा इतिहास, सुप्रिया आठवें और नंदनी दसवें रैंक लाकर बनीं मैट्रिक

**एजेंसी/पटना**

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित मैट्रिक वार्षिक परीक्षा 2026 का परिणाम घोषित होते ही अरवल जिले में खुशी और गर्व का माहौल बन गया। इस वर्ष जिले की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। टॉप-10 की सूची में अरवल की दो छात्राओं सुप्रिया कुमारी और नंदनी कुमारी ने स्थान बनाकर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है।फखरपुर गांव की रहने वाली सुप्रिया कुमारी ने 483 अंक (96.6 प्रतिशत) प्राप्त कर राज्य में आठवां स्थान हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। सुप्रिया एक साधारण किसान परिवार से आती हैं। उनके पिता अरविंद कुमार सिंह खेती कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं, जबकि माता जुली कुमारी गृहिणी हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद सुप्रिया ने अपनी पढ़ाई में निरंतरता बनाए रखी और कठिन परिश्रम के बल पर यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने अपनी शिक्षा एफ.ए.एम. हाई स्कूल फखरपुर से प्राप्त की। सुप्रिया ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री नारायण शर्मा एवं शिक्षकों को दिया है।वहीं मोतेपुर बाजार निवासी नंदनी कुमारी ने 481 अंक (96.2 प्रतिशत) प्राप्त कर राज्य में दसवां स्थान हासिल किया है।